आकाशवाणी श्री विजयपुरम

01.10.2024 समय : 1850

- आर के नाला पुल के निचले भाग में बड़ी दरारे आ जाने के कारण जिरकाटांग से मिडिल स्ट्रेट तक आने–जाने के लिए ये मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया गया है।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर विभिन्न नगरपालिका सेवाओं की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है।
- दुर्गा पूजा के अवसर पर कल महालय होगा।
- मोटर वाहन संशोधन अधिनियम दो हजार उन्नीस के तहत चार वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है।
- कार निकोबार के साइकिल चालकों को तिरूवनंतपुरम में भारतीय खेल प्राधिकरण की राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र में प्रशिक्षण देने के लिए व्यवस्था की गई है।

<><><><><><>

मिडिल स्ट्रेट खाड़ी से दस किलोमीटर की दूरी पर आर के नाला पुल के निचले भाग में बड़ी दरारे आ जाने के कारण जिरकाटांग से मिडिल स्ट्रेट तक आने–जाने के लिए ये मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया गया है। दक्षिण अंडमान के ज़िला मजिस्ट्रेट ने सड़क का इस्तेमाल करने वाले लोगों की सुरक्षा और किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने के संबंध में यह आदेश जारी किया है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से नेताजी सुभाषचन्द्र बोस द्वीप पर विभिन्न नगरपालिका सेवाओं की दरों में बढ़ोत्तरी की गई है। जलापूर्ति, स्वच्छता, रोशनी कार्यों के रखरखाव और अन्य आवश्यक मरम्मत जैसे सेवाओं की दरों में संशोधन किया गया है, जिसमें पर्यटकों के लिए सौ रूपये, स्थानीय पर्यटकों के लिए सत्तर, स्थानीय विद्यार्थियों के लिए पचास और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पचास रूपये निर्धारित की गई है। बारह वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का प्रवेश निशुल्क रहेगा। निर्धारित शुल्क स्वच्छता निरीक्षक या अधीनस्थ कर्मचारी द्वारा लिया जाएगा। ये सेवा शुल्क तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

<><><><><><>

दुर्गा पूजा के अवसर पर कल महालय होगा। आकाशवाणी श्री विजयपुरम केन्द्र की ओर से कल सुबह चार बजे से इसे रिले किया जाएगा। श्री शारदा संघ, रामकृष्ण मिशन की ओर से कल शाम साढ़े छः बजे मिशन के बहुद्देशीय हॉल में देवी वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अतुल स्मृति समिति की ओर से कल से नौ अक्तूबर तक समिति परिसर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। कल से प्रत्येक दिन शाम साढ़े छः बजे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। बारह अक्तूबर को डांडिया और उन्नीस अक्तूबर को विजय सम्मेलन का आयोजन होगा।

इस बीच, दुर्गा पूजा मनाए जाने के सिलसिले में तैयारियां ज़ोरो पर है। द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में पंडालों को तैयार किया जा रहा है। मूर्तिकारों द्वारा भी मां दुर्गा और अन्य देवी–देवताओं की प्रतिमाओं को तैयार किया जा रहा है।

<><><><><><>

गांधी जयंती के अवसर पर कल श्री विजयपुरम में मुख्य समारोह आयोजित होगा। उप–राज्यपाल कल सुबह आठ बजकर पन्द्रह मिनट पर गांधी पार्क पर गांधजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। रामधुन का आयोजन भी होगा।

<><><><><><>

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत द्वीपसमूह के विभिन्न भागों में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आकाशवाणी के श्री विजयपुरम केन्द्र की ओर से कल सुबह दस बजे सामान्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। गैर सरकारी संगठन विद यू के सहयोग से इसका आयोजन होगा।

उधर, इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा मुख्य अतिथि थे। उन्होंने सभी से सफाई मित्रों को उनके काम में सहयोग देने का अनुरोध किया। इस अवसर पर कई अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><>

बधिर लोगों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह मनाए जाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय तथा अनिम्स के संयुक्त तत्वावधान में विशेष जांच शिविर तथा दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया गया। डाईट, एनकॉल और फीनिक्स बे तथा चाथम बिजली घर में आयोजित इस शिविर में साढ़े तीन सौ से अधिक मरीजों की जांच की गई। अड़तीस लोगों को आगे की जांच के लिए जी बी पंत अस्पताल रेफर किया गया।

<><><><><><>

आज राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस है। इस अवसर पर आज नित्यानन्द सेवा संघ गुप्तापाड़ा, कृष्ण मंदिर हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। एड्स नियंत्रण सोसाइटी, ग्राम पंचायत संस्थाओं के सदस्यों और दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद सदस्य प्रकाश अधिकारी के सहयोग से इस शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और चालीस से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किए गए।

<><><><><><>

मोटर वाहन संशोधन अधिनियम दो हजार उन्नीस के तहत अनिवार्य हेलमेट नियम को लागू करने के लिए अंडमान निकोबार यातायात पुलिस विशेष अभियान चलाएगा। अधिनियम के तहत दुपहिया वाहन में यात्रा के दौरान चार वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना है और हेलमेट के इस्तेमाल को लेकर यातायात नियमों का उल्लंघन कम करना है। आम जनता से भी कहा गया है कि वे हेलमेट पहन कर वाहन चलाए। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। अत्याधिक धुंआ छोड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा तेज रफ्तार से वाहन चलाने, संशोधित साइलेंसर का उपयोग करने वाले लोगों के फोटो या वीडियो उनके वाहनों के पंजीकरण नम्बर, तिथि और स्थान के साथ व्हाट्सऐप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ नौ दो दो आठ या यातायात पुलिस के नियंत्रण कक्ष के फोन नम्बर दो चार तीन आठ एक दो पर भेजें।

<><><><><><>

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों का समापन हो गया। इस अवसर पर डिगलीपुर के आई सी डी एस परियोजना–ग्रामीण की ओर से बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में पोषण की स्थिति में सुधार के लिए सुपोषित किशोरी, सशक्त नारी कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त कमलेश्वर राव एस. ने अपने संबोधन में महीने भर चलने वाले इस राष्ट्रीय पोषण जागरूकता अभियान से लोगों को लाभ उठाने का अनुरोध करते हुए अपने आप को और अपने समुदाय को सशक्त बनाने को कहा। बाल विकास परियोजना अधिकारी इंदिरा देवी ने कुपोषण से निपटने के विभिन्न प्रयासों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। आयुष की चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिप्रा मिस्त्री ने कुपोषण से जुड़े मुद्दों और अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर व्यंजन बनाने और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस समापन समारोह का मुख्य आकर्षण आंगनवाड़ी बच्चों द्वारा कविता, नृत्य और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी शिक्षा और रचनात्मकता का प्रदर्शन था।

<><><><><><><>

इस वर्ष दिसम्बर में चेन्नई में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ट्रैक साइक्लिंग चैम्पियनशिप के लिए कार निकोबार के साइकिल चालकों को तिरूवनंतपुरम में भारतीय खेल प्राधिकरण की राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र में प्रशिक्षण देने के लिए व्यवस्था की गई है। इससे द्वीपसमूह के साइकिल चालकों को काफी लाभ मिलेगा। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह विशेषकर कार निकोबार के आदिवासी साइकिल चालकों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर देश और इस द्वीपसमूह का हमेशा सम्मान बढ़ाया है। द्वीपसमूह के डेविड बैकहम और डेबोराह जैसे खिलाड़ियों ने कई पदक भी जीते हैं। ऐसे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल में बेहतर अवसर प्रदान करने और उन्हें प्रशिक्षण देने के लिए तिरूवनंतपुरम के वेलोड्रोम में साई कार निकोबार के साइक्लिस्टों को प्रशिक्षण देने से पदकों की उम्मीद और बढ़ जाती है। पिछले दिनों राष्ट्रीय साइक्लिंग चैम्पियनशिप खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए अंडमान निकोबार राज्य ओलम्पिक संघ की ओर से द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करने वाले साइक्लिस्टों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम के वेलोड्रोम में तकनीकी खामियों के चलते इन खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देना संभव नहीं था। भारतीय खेल प्राधिकरण की द्वीपसमूह इकाई ने तिरूवनंतपुरम स्थित साई के निदेशक से द्वीपों के साइक्लिस्टों को उनके वेलोड्रोम में प्रशिक्षण देने के लिए अनुरोध किया था। इसके बाद यह सहमति बनी है। यह पहला अवसर है जब द्वीपों के साइक्लिस्टों को तिरूवनंतपुरम के भारतीय खेल प्राधिकरण के वेलोड्रोम में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

<><><><><><><>